भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 1919

जिसका उत्तर 28.07.2022 को दिया जाना है

भारतमाला परियोजना

1919. डॉ. उमेश जी. जाधव:

श्री कराडी सनगन्ना अमरप्पा:

श्री प्रताप सिम्हा:

डॉ. जयसिद्देश्वर शिवाचार्य स्वामीजी:

श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2017 में शुरू की गई भारतमाला परियोजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य क्या हैं;

(ख) अब तक प्राप्त किए गए लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है और उन पर कितनी निधि व्यय की गई है; और

(ग) उक्त परियोजना के अंतर्गत कर्नाटक, महाराष्ट्र और झारखंड राज्यों में अब तक निष्पादित और निष्पादित किए जाने के लिए प्रस्तावित विकास कार्यों और उन पर व्यय की गई या व्यय की जाने वाली प्रस्तावित निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने 24.10.2017 को "भारतमाला परियोजना" के चरण- I के लिए निवेश अनुमोदन के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। भारतमाला परियोजना चरण- I में लगभग 24,800 किलोमीटर रारा नेटवर्क के विकास की परिकल्पना की गई है, जैसे कि आर्थिक गलियारे, अंतर-गलियारा और फीडर सड़कें, राष्ट्रीय गलियारा दक्षता सुधार, सीमा और अंतर्राष्ट्रीय संपर्कता सड़कें, तटीय और बंदरगाह संपर्कता सड़कें, शेष एनएचडीपी के तहत 10,000 किलोमीटर सड़कों के साथ-साथ एक्सप्रेसवे। अब तक, 6,88,898 करोड़ रुपए की लागत वाली 22,302 किलोमीटर की लंबाई वाली परियोजनाओं को भारतमाला परियोजना के तहत सौंपा गया है और 9,548 किलोमीटर की परियोजना लंबाई पूरी हो चुकी है।

(ग) कर्नाटक, महाराष्ट्र और झारखंड राज्य में भारतमाला परियोजना के तहत कार्यों की स्थिति नीचे दी गई है:

क्र. सं.	**राज्य**	**कुल**		**सौंपी गई**		**पूरी की गई लंबाई (किमी)**
		लंबाई (किमी)	**लागत (करोड़ रु में)**	**लंबाई (किमी)**	**लागत (करोड़ रु में)**	
1	कर्नाटक	2,070	63,559	1,438	42,085	421
2	महाराष्ट्र	3,019	98,820	2,031	64,406	905
3	झारखंड	987	28,718	497	11,873	302

*****